आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 16.03.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :—**

- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा—देशभर में एलपीजी वितरकों के पास गैस आपूर्ति की कोई कमी नहीं है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हरिद्वार कुंभ 2027 के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे।
- भक्त दर्शन उच्च शिक्षा गौरव पुरस्कार के लिए राज्य के चार शिक्षकों का चयन। उच्च शिक्षा मंत्री ने दी शुभकामनाएं।
- प्रदेश के गढ़वाल व कुमाऊं में फूलदेही पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

**एलपीजी बुकिंग**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में एलपीजी वितरकों के पास गैस आपूर्ति की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी बुकिंग में गिरावट आई है। लगभग 77 लाख बुकिंग दर्ज की गईं, जबकि इस महीने की 13 तारीख को लगभग 88 लाख बुकिंग दर्ज की गई थीं। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर भी प्राथमिकता के आधार पर वितरण के लिए राज्य सरकारों को सौंप दिए गए हैं और अब उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हैं। मंत्रालय ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों द्वारा खुदरा दुकानों पर ईंधन की कमी का कोई मामला सामने नहीं आया है और पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। मंत्रालय ने लोगों को घबराहट में खरीदारी न करने की सलाह दी है।

इस बीच, मंत्रालय ने पीएनजी और एलपीजी गैस कनेक्शन रखने वाले परिवारों को तत्काल प्रभाव से एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का निर्देश दिया है। पीएनजी कनेक्शन रखने वाले किसी भी व्यक्ति को घरेलू एलपीजी कनेक्शन रखने या वितरकों से एलपीजी रिफिल करने की अनुमति नहीं होगी।

सीएम भ्रमण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अब से कुछ देर बाद कुंभ 2027 के निर्माण कार्यों का जायजा लेने हरिद्वार पहुंचेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न स्थलों पर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेंगे और संबंधित अधिकारियों से चर्चा करेंगे। स्थलीय निरीक्षण के बाद वे कुंभ मेला 2027 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

**सीडीएस विपिन रावत**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, पद्म विभूषण से अलंकृत जनरल बिपिन रावत की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ भारती की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले जनरल बिपिन रावत अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और सेवा के प्रति जनरल रावत का समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनका नेतृत्व, दूरदर्शिता और देश के प्रति अटूट निष्ठा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

गौरतलब हो कि एक जनवरी 2020 को जनरल बिपिन रावत देश को प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त किया गया था। उनके नेतृत्व में तीनों सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय और आधुनिकीकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।

आदि कैलाश

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले की व्यास घाटी में स्थित भगवान शिव के धाम की प्रसिद्ध आदि कैलाश यात्रा इस वर्ष आठ मई को प्रदेश के तीन स्थानों से शुरू होगी। यात्रा की नोडल एजेंसी 'कुमाऊं मंडल विकास निगम लिमिटेड' (केएमवीएन) के महाप्रबंधक विजयनाथ शुक्ला ने बताया कि हल्द्वानी, टनकपुर और धारचूला से श्रद्धालुओं के कुल 15 जत्थे आदि कैलाश की यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी से होने वाली आदि कैलाश यात्रा आठ दिन की होगी जबकि टनकपुर से छह दिन और धारचूला से यात्रा पांच दिन में पूरी होगी।

सेम–मुखेम

टिहरी जिले में स्थित सेम मुखेम मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भड़बागीसौड़ से मंदिर तक करीब दो किमी लंबे पैदल मार्ग पर टिनशेड, कैनोपी और रेलिंग के लिए दो करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसके अलावा पर्यटन विभाग श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पार्किंग सुविधा विकसित की जा रही है और कौडार–दीनगांव–मुखेम मोटर मार्ग को डेढ़ लेन किया जा रहा है जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके।

छापेमारी

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला पूर्ति अधिकारी को व्यापारिक प्रतिष्ठानों में निरंतर छापेमारी के निर्देश दिए हैं। इस क्रम क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों व पूर्ति निरीक्षकों ने जिले के विभिन्न होटलों, ढाबों व रेस्टोरेंट सहित कुल 15 व्यापारिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी की। इस दौरान नवोदय नगर, बहादराबाद में 05 व तहसील भगवानपुर में 05, कुल 10 घरेलू गैस सिलेण्डर कब्जे में किए गए। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक गैस, एलपीजी के अनुश्रवण के लिए जिले की प्रत्येक गैस एजेंसी के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं।

**फास्टैग**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए फास्टैग वार्षिक पास के लागू शुल्क को 75 रुपये बढ़ाकर तीन हजार 75 रुपये करने की घोषणा की है। बढ़ा हुआ शुल्क पहली अप्रैल से लागू होगा। ये पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर–व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है।

सम्मान

उत्तराखंड सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान और शोध कार्य के लिए भक्त दर्शन उच्च शिक्षा गौरव पुरस्कार की घोषणा कर दी है। राज्य के चार शिक्षकों को यह पुरस्कार दिया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने पुरस्कार के लिए चयनित होने पर शिक्षकों को शुभकामनाएं दी हैं। चयनित शिक्षकों में स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय जौलीग्रांट की प्रधानाचार्य डॉ रेनू धस्माना, दून विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के प्रोफेसर एचसी पुरोहित, व इसी विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के डॉक्टर सुरेंद्र सिंह सुथार व राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर के डॉ शिव चंद रावत शामिल हैं।

फूलदेही पर्व

प्रदेश के गढ़वाल व कुमाऊं में फूलदेही पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। फूलदेई पर्व पर बच्चे चैत्र मास में घर–घर की देहली में फूल डालकर सुख और समृद्धि की कामना करते हैं। चंपावत जिले में फूलदेई पर्व पर बच्चों में विशेष उत्साह देखा रहा है।

पहाड़ों में चैत्र महीने के पहले दिन फूल **देहि छम्मा देहि** के उद्घोष के साथ प्रकृति पर्व मनाया जाता है। फूलदेही पर्व लोक संस्कृति का एक अद्भुत नजारा भी पेश करता है।

मौसम

राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर आज से हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने की संभावना है। तीन हजार दो सौ मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है। वहीं मैदानी जिलों के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और गरज के साथ बिजली चमकने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की है। पर्वतीय क्षेत्रों के कुछ स्थानों पर तेज वर्षा की भी संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार कल राज्य के पर्वतीय जिलों के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा या गरज के साथ बिजली चमकने की संभावना भी है, जबकि मैदानी जिलों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पर्वतीय जिलों के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना बनी रहेगी, जबकि मैदानी जिलों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा और गरज के साथ बिजली चमकने की संभावना है। विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में लगभग 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है और इसके बाद अगले एक से दो दिनों में तापमान में कोई विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है।

**पद्म पुरस्कार**

केंद्र सरकार ने पद्म पुरस्कार–2027 के लिए नामांकन और अनुशंसाएं आमंत्रित की हैं। गृह मंत्रालय ने बताया कि पुरस्कारों की घोषणा अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। नामांकन और अनुशंसाएं केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी।